Roll No. : ..............................

Total No. of Questions : **11** ]

[ Total No. of Printed Pages : **4**

# JSA–1019

## B.A. (IInd Semester) Examination, June–2025

## HINDI LITERATURE

Paper – HIN 4.5 DCCT 22

## [Madhya Kalin Kavya (Sagun Bhakti Kavya Evam Ritikal)]

*Time : 3 Hours* ]

श्री जैन (पी॰ जी॰) कॉलेज, बीकानेर

[ *Maximum Marks : **120***

**खण्ड–अ** **(अंक : 2 × 10 = 20)**

**नोट :–** सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या (i) से (v) बहुविकल्पीय प्रश्न एवं प्रश्न संख्या (vi) से (x) रिक्त स्थान भरने वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**खण्ड–ब** **(अंक : 8 × 5 = 40)**

**नोट :–** सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प का चयन कीजिए (उत्तर-सीमा **150** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

**खण्ड–स** **(अंक : 20 × 3 = 60)**

**नोट :–** पाँच में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **20** अंक का है।

**खण्ड–अ**

1. (i) निम्न में से कौनसा राम भक्त कवि नहीं है ?

(अ) नाभादास

(ब) अग्रदास

(स) तुलसीदास

(द) कुंभनदास

(ii) 'काव्य गुण' की कुल कितनी संख्या होती है ?

(अ) दो

(ब) तीन

(स) चार

(द) पाँच

(iii) निम्न में से कौनसा कवि रीतिबद्ध नहीं है ?

(अ) केशवदास

(ब) मतिराम

(स) आलम

(द) भूषण

(iv) मीरा की भक्ति किस भाव की है ?

(अ) दास्य

(ब) सख्य

(स) पुष्टिमार्गी

(द) माधुर्य

(v) "लोग हैं लागि कवित्त बनावत, मोही तौ मोरे कवित्त बनावत" पंक्ति किस कवि की है ?

(अ) बिहारी

(ब) घनानन्द

(स) भूषण

(द) बोधा

(vi) गोस्वामी विट्ठलनाथ ने अष्टछाप की स्थापना सन् ................ में की।

(vii) काव्य की बाह्य शोभा बढ़ाने वाले तत्त्वों को .................... कहते हैं।

(viii) रीतिकाल को मुख्यत: ................. काव्यधाराओं में विभाजित किया गया है।

(ix) रसखान का मूल नाम ..................................... है।

(x) बिहारी, राजा ................................ के आश्रित कवि थे।

## खण्ड–ब

2. पुष्टिमार्ग क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सगुण व निर्गुण काव्यधारा की तीन-तीन समानताएँ और असमानताएँ बताइए।

3. काव्य किसे कहते हैं ? काव्य हेतुओं के नाम बताइए।

**अथवा**

'दोहा' और 'चौपाई' छन्द के लक्षण बताते हुए उदाहरण दीजिए।

4. रीतिकाल के नामकरण पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्यधारा की विशेषता बताते हुए किन्हीं तीन रीतिमुक्त कवियों एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए।

5. मीरा की भक्ति-भावना पर विचार प्रकट कीजिए।

**अथवा**

''आयो घोष बड़ो व्यापारी'' पद में गोपियों ने किसे व्यापारी कहा है, और क्यों कहा है ?

6. गिरिधर कविराय की कुण्डलियों के मुख्य विषय का सोदाहरण प्रतिपादन कीजिए।

**अथवा**

''बिहारी' का काव्य शृंगार, भक्ति और नीति का त्रिवेणी संगम है।'' संक्षेप में विवेचना कीजिए।

## खण्ड–स

7. राम भक्ति काव्यधारा की विशेषताओं की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

8. रस किसे कहते हैं ? रस के अवयव एवं रस के प्रकारों को बताइए।

9. रीतिकाल की प्रवृत्तियों को सोदाहरण लिखिए।

10. "तुलसीदास का काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है।" सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

11. वेद राखे बिदित पुरान परसिद्ध राखे राम-नाम राख्यो अति रसना सुधर में।
हिन्दुन की चोटी राखि रोटी राखि है सिपाहिन की काँधे में जनेऊ राख्यों माला राखी गर में।
मीड़ि राखे मुगल मरोड़ि राखे पातसाह बैरी पीसि राखे बरदान राख्यो कर में।
राजन की हद्द राखी तेगबल सिवराज देव राखे देवल स्वधर्म राख्यों घर में।

उपर्युक्त पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।